தக்ஷின் ராஜஸ்தானி போஸ்ட்

दक्षिण

# राजस्थानी पोस्ट

**राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका**







अप्रैल 2023

# राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु

## पदाधिकारीगण 2023-2024

**अध्यक्ष :**
मोहनलाल एन. बजाज

**मनोनीत अध्यक्ष :**
प्रवीण कुमार टाटिया

**उपाध्यक्ष :**
नरेन्द्र श्रीश्रीमाल
अजीतकुमार चोरड़िया
ज्ञानचंद आंचलिया
विजय गोयल

**महामंत्री :**
देवराज आच्छा

**सहमंत्री :**
अजय कुमार नाहर
ज्ञानचंद कोठारी
जगदीश प्रसाद पोरवाल

**कोषाध्यक्ष :**
गौतमचंद डागा

**सह-कोषाध्यक्ष :**
अशोक कुमार लखोटिया



# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका

वर्ष : 54 | अंक : 4 | अप्रैल 2023

**मुख्य संपादक**
रमेश गुप्त नीरद

**चेयरमेन**
चंद्रप्रकाश मालपानी

**को-चेयरमेन**
राजकुमार एच. कोठारी

शब्द संयोजन : विवेक अग्रवाल


---


प्रकाशन एवं संपर्क कार्यालय :

**राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु**
गोल्डन कॉम्पलेक्स, चौथा माला,
128, एन.एस.सी. बोस रोड़,
साहुकारपेट, चेन्नई - 600079.
दूरभाष : 044-25360496, 25392438
E-mail : drp.rajasthaniassn@gmail.com
Website www.rajasthaniassntn.in


**इस अंक की विशेषता :**

**जहाँ-जहाँ यह चिह्न है उन पर आप क्लिक कर के वह वीडियो देख-सुन सकते हैं**



# यात्रा एवं संवाद


रजत के वर्ष 2023-24 सत्र हेतु कुशल संपादक एवं विचारक, प्रतिभाशाली श्री मोहनलाल बजाज की अध्यक्षता में एवं अनुभवी, सेवाभावी श्री देवराज आच्छा के मंत्रीत्व में नई कार्यकारिणी समिति सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने शपथ लेकर सामाजिक विकास की गति को तीव्रतर बनाने का संकल्प लिया - **सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ**।

**यात्राएँ आपसी भाईचारे की जड़ों को मजबूत कर संगठन की एकता को बल प्रदान कर ऊर्जा भरती है।**

18-19 मार्च 2023 को सिरकाली नगर में आयोजित राज्य परिषद् अधिवेशन एवं आध्यात्मिक पर्यटन की भक्तिभरी, आनंदमयी यात्रा के सफल संयोजन हेतु पूर्व अध्यक्ष श्री लिकमीचंद सिंघवी, महामंत्री श्री जयंतीलाल तेलिसरा, संयोजक श्री पदम छाजेड़, श्री गिरी बागड़ी एवं सिरकाली के श्री ज्ञानचंद आँचलिया, अन्य पदाधिकारीगण एवं सदस्यों के अनुपम, मृदुल आतिथ्य सत्कार एवं सौहार्दता के लिए भी बधाई। इस यात्रा को स्मृतिदायक बनाने हेतु आभार।

इस प्रकार के आयोजन एवं यात्राएँ आपसी भाईचारे की जड़ों को मजबूत कर संगठन की एकता को बल प्रदान कर ऊर्जा भरती है। यात्राओं और संवाद का यह क्रम जारी रहेगा - आशा है।

पत्र-पत्रिकाओं की समाज-निर्माण में अहम् भूमिका होती है। ये न केवल सामाजिक विसंगतियों एवं समस्याओं को उजागर करती हैं बल्कि उनके समाधान की दिशा में विचार-विमर्श को भी प्रोत्साहित करती हैं। अतः समाज एवं व्यक्ति को पत्र-पत्रिकाओं से जुड़े रहकर अपने विचारों, सुझावों से इन्हें परिपूर्ण करते रहना चाहिए। इसी कामना के साथ - पुनः नई टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ।



# निराशा में आशा जगाता, शांति और खुशहाली हेतु प्रार्थना रूपी गीत..

मनोज मुंतशिर द्वारा रचित, रोचक कोहली के संगीत व स्वर से सजा है यह सुंदर प्रार्थना रूपी गीत। ईश्वरीय सत्ता और जीवन में विश्वास को गाढ़ा करता, प्रतिकूल घड़ियों में चेहरे पर उम्मीद की मुस्कान जगाता, दिल को छू लेने वाला यह गीत सुनिए...





# आइये! प्रगति रथ का पहिया बनें

**मोहनलाल बजाज**

विगत 21 वर्षों से संस्था के विभिन्न पदों पर दायित्व निर्वहन करते हुए आज आप सबने मुझे अध्यक्ष पद पर आसीन कर संस्था के सारथी की भूमिका सौंपी - मैं पूर्ण निष्ठा और सभी के सहयोग से अपने कर्त्तव्यों का पालन करता हुआ संस्था को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने का प्रयास करूँगा - मेरा आश्वासन और आपके इस स्नेह और विश्वास के प्रति आभार।

तमिलनाडु की आर्थिक और सामाजिक प्रगति के रथ का प्रवासी राजस्थानी एक पहिया बने हुए हैं और अपनी समरसता से जनसेवा के कार्य करते हुए सहभागिता निभा रहे हैं। मैं इसकी गति को तीव्रता प्रदान करते हुए भाईचारे और मैत्री की भावनाओं को सुदृढ़ता प्रदान करने का प्रयास करूँगा।

राजस्थानी समाज की समस्याओं को भी संबोधित स्तर तक पहुँचाते हुए निराकरण करेंगे। राजस्थान समाज की विभिन्न संस्थाओं को राज्य परिषद् के माध्यम से मजबूत करना भी लक्ष्य रहेगा।

हमारा युवावर्ग जो समाज से पूर्ण रूप से नहीं जुड़ पा रहा - उन्हें जोड़ने के लिए भी हम खेलकूद तथा अन्य योजनाओं द्वारा जोड़ने की पहल करेंगे। युवा ही हमारा भविष्य हैं - हमें विभिन्न माध्यमों से उन्हें आगे लाना है और उनकी अभिरुचियों के विकास में अवसर पैदा करने हैं।

संस्था की महिला इकाई 'गणगौर' को भी मजबूत बनाना है। मेल-मिलाप के साथ-साथ अन्य सेवा प्रकल्पों को वरीयता मिले - इस उद्देश्य के साथ मातृशक्ति को आगे बढ़ाना है।

समय-समय पर पूर्वाध्यक्षों, पदाधिकारियों, समिति सदस्यों, उपसमितियों के सहयोग का लाभ उठाकर हम आगे बढ़ेंगे, मुझे विश्वास है।

अंत में - राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए तमिलनाडु की प्रगति की धुरी का अगला पहिला बना रहे - हमें एक जुटता के साथ, कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने की आवश्यकता है। आशा रखता हूँ, पूर्व अध्यक्षों एवं आप कर्मठ कार्यकर्ताओं का पूर्ण सहयोग वर्ष भर मिलता रहेगा। □

---

# छात्रों को नि:शुल्क सैर



रजत के चयनीत अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज के परिणय की 49वीं वर्षगांठ के अवसर पर सरकारी माध्यमिक विद्यालय, पालवक्कम के लगभग 55 बच्चों को श्री नमो फार्म हाउस में पूरे दिन की सैर कराई तथा कपड़े व अध्ययन सामग्री का वितरण किया गया। □



# महासचिव की कलम से....

**देवराज आच्छा**, महामंत्री

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु के बैनर तले राजस्थानी समाज की सेवा करना सौभाग्य की बात है। पूर्व में दक्षिण राजस्थानी पोस्ट के माध्यम से वर्षों तक मुझे संस्था की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ। वर्तमान अध्यक्ष श्री मोहनलालजी बजाज ने मुझे महामंत्री के रूप में संस्था की सेवा का सुअवसर प्रदान किया है; मैं अध्यक्ष महोदय के निर्देशन एवं आप सभी के सहयोग से इस दायित्व का सम्यक निर्वहन करने का प्रयास करूँगा।

बंधुओं, अपनी जन्मभूमि से हजारों किलोमीटर की दूरी पर हम लोग अपने संस्कारों को जीवित रखते हुए अपनी पहचान बनाए हुए हैं। राजस्थानी समाज ईमानदारी, कठोर परिश्रम, सेवा भावना एवं देशभक्ति के लिए जाना जाता है। हमारे पूर्वजों द्वारा प्रदत्त संस्कारों को आत्मसात करते हुए हम आगे बढ़ रहे हैं। पश्चिमी सभ्यता की अंधी दौड़ एवं संस्कारहीनता की आँधी से आने वाली पीढ़ी को बचाने के लिए हमें एकजुटता के साथ प्रयास करने होंगे।

'संघे शक्ति कलोयुगे' अर्थात् कलियुग में संगठन में शक्ति होगी; इसलिए हम राजस्थानी मूल के सर्व समाज को संगठित कर सकें तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। हमारी शक्ति हमारे समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में उपयोगी होगी। अस्तु हमें संगठित होकर कार्य करने का प्रयास करना है।

जय हिंद। जय राजस्थान। जय तमिलनाडु। □

# राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की नई टीम का शपथ समारोह




राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की नई टीम का शपथ ग्रहण समारोह 26 मार्च 2023 को अन्नानगर स्थित एस.आर.के.के. अग्रवाल सभा भवन में संपन्न हुआ। एन. मोहनलाल बजाज ने अध्यक्ष के रूप में अपनी टीम के साथ वर्ष 2023-24 के लिए शपथ ली।

दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात् अध्यक्ष श्री लिकमीचंद सिंघवी ने उपस्थित महानुभावों का स्वागत किया। महामंत्री श्री जयंतीलाल तेलिसरा ने वर्षभर में सम्पादित कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं सभी समितियों के चेयरमेन, सह-चेयरमेन व योगभूत कार्यकर्ताओं का आभार ज्ञापित किया।

पदासीन होने वाले अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज को श्री लिकमीचंद सिंघवी ने अध्यक्षीय प्रतीक पहनाकर भार सौंपा व मुख्य अतिथि श्री श्यामसुंदर सोनी ने उन्हें शपथ दिलाई।

श्री बजाज ने शपथ लेने के बाद कहा कि राजस्थानी एसोसिएशन 56 साल से आपसी भाईचारे की भावना को लेकर स्थानीय लोगों के साथ तालमेल बनाते हुए लगातार

सेवा कार्यों को आगे बढ़ा रहा है। युवाओं, महिलाओं, पुरुषों में खेल के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने के लिए खेल योजनाओं को क्रियान्वित करना है। महिलाओं की संस्था गणगौर की सेवा-योजनाओं एवं गतिविधियों को विस्तार देते हुए और अधिक समाजोपयोगी बनाना है।

बतौर मुख्य अतिथि पधारे अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के अध्यक्ष श्री श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि राजस्थान के लोग सेवा, त्याग और सदाचार के पर्याय हैं। अपनी प्रतिभा, मेहनत व ईमानदारी से धन भी कमाया और नाम भी। अपनी कमाई का एक हिस्सा मानवता की सेवा में लगाना राजस्थानियों में वंशानुगत चला आ रहा है। आने वाला समय हमारे लिए अधिक चुनौतीपूर्ण है। इस पर अभी से विचार-चिंतन करें। हम जिस तरह से प्रदर्शन एवं दिखावा कर रहे हैं, उससे हम स्थानीय समाज के बीच किरकिरी बन रहे हैं। तमिलनाडु में विभिन्न प्रवासी संस्थाओं द्वारा संचालित संस्थाओं एवं व्यक्तियों को रजत-छतरी के अंतर्गत लाना एवं संगठित होकर अपनी आवाज़ बुलंद करना, प्रवासियों के महत्व को रेखांकित करना। साथ ही हलाला टैक्स के विरोध में संगठित आवाज़ उठाना।

समारोह के विशिष्ट अतिथि अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सचिव श्री संदीप काबरा ने राजस्थानी भाषा में अपने धाराप्रवाह व ओजस्वी वक्तव्य में कहा कि राजस्थानी एसोसिएशन सभी समाज के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़े। अपनी भाषा का यथासंभव उपयोग कर गौरवान्वित महसूस करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि महावीर राजस्थानी इंटरनेशनल स्कूल के उपाध्यक्ष श्री सुभाषचंद रांका ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में श्री मोहनलाल बजाज की जीवनी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत की गई। □

# रजत के नए पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी समिति 2023–2024

## पदाधिकारीगण

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | : | **मोहनलाल एन. बजाज**<br>9840028832 |
| चयनीत अध्यक्ष | : | **प्रवीण कुमार टाटिया**<br>9840095050 |
| उपाध्यक्ष | : | **नरेन्द्र श्रीश्रीमाल**<br>9444029811 |
| उपाध्यक्ष | : | **अजीत कुमार चोरडिया**<br>9841073656 |
| उपाध्यक्ष | : | **ज्ञानचंद आंचलिया**<br>9443153387 |
| उपाध्यक्ष | : | **विजय गोयल**<br>9841083444 |
| महासचिव | : | **देवराज आच्छा**<br>9444265162 |
| सह-सचिव | : | **अजय कुमार नाहर**<br>9841134333 |
| सह-सचिव | : | **ज्ञानचंद एम. कोठारी**<br>9941233999 |
| सह-सचिव | : | **जगदीश प्रसाद पोरवाल**<br>9442235899 |
| कोषाध्यक्ष | : | **गौतमचंद डागा**<br>9444407423 |
| सह-कोषाध्यक्ष | : | **अशोक कुमार लखोटिया**<br>9840064146 |

निर्वतमान अध्यक्ष : **लिकमीचंद सी. सिंघवी**
निर्वतमान महासचिव : **जयंतीलाल तेलिसरा**

## कार्यकारिणी समिति सदस्यगण

अशोक कुमार एल. लोढ़ा
दिलीप कुमार चंदन
घेवरचंद नामदेव
गोविन्द मूँदड़ा
हीरेन्द्र जैन
कमला सज्जनराज मेहता
कृष्ण कुमार महेश्वरी
ललेश कुमार जैन
महावीर एस. बोथरा
मंगलचंद तातेड़
प्रमोद कुमार मालपानी
राधेश्याम मूँधड़ा
सीए. राजेन्द्र कुमार पी.
रामावतार रूंगटा
रिखबचंद बोहरा
संजय मूँदड़ा
सीताराम गोइंका
श्रीपाल कोठारी
सुरेश कुमार छाजेड़
ऋषभकुमार सुराना
विमलचंद धारीवाल

अशोक कुमार जे. मूँधड़ा
गौतमचंद समदड़िया
गौरीशंकर राठी
ज्ञानचंद एन. जैन
कमल कुमार जैन
डॉ. कमलेश कुमार मुणोत
कुशालचंद रांका
ललित कटारिया
महावीरचंद एस. रांका
निर्मल नाहटा
प्रवीण कुमार एच.एस.
राजकुमार एच. कोठारी
राजेन्द्र कुमार एम. कोठारी
रमेश गुप्त नीरद
ऋषभ सखलेचा जैन
शांतिलाल कांकरिया
सीताराम गोयल
सुनीता जैन
मनोहर कुमार एस.डी.
सुनील कुमार लुंकड़

# राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु का युवा रत्न 2023 समारोह संपन्न




रजत का 'युवा रत्न 2023' सम्मान समारोह 12 मार्च 2023 को संपन्न हुआ। यह सम्मान मयूर अभय (ट्रेड एंड इंडस्ट्री), श्रेया जैन (सोशल), गौतम सरावगी (ट्रेड एंड इंडस्ट्री) एवं मानुषी जैन को प्रोफेशन के क्षेत्र में दिया गया।

मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे राज्य के सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री श्री मनो तंगराज ने कहा कि राजस्थानी प्रवासी समाज तमिलनाडु का अभिन्न अंग है। जैन धर्म की जो मान्यता और आस्था है वह तमिलनाडु में भी दृष्टिगत है। भारत मेट्रीमोनी के फाउंडर मुरुगवेल जानकीरामन ने कहा कि कारोबार प्रवासियों के खून में है। कारोबार के साथ समुदाय को लौटाने की भावना स्तुत्य है।

रजत अध्यक्ष श्री लिकमीचंद सिंघवी ने सभी का स्वागत किया। सचिव श्री जयंतीलाल तेलिसरा ने रिपोर्ट पेश की। सम्मान समिति के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र श्रीश्रीमाल ने चयन की प्रक्रिया को समझाते हुए बताया कि कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें चार का चुनाव मुश्किल रहा।

अतिथियों का पारम्परिक तरीके से सम्मान किया गया। संचालन के साथ आनंद सुराना ने आभार व्यक्त किया। □

# रजत का राज्य परिषद् सम्मेलन संपन्न




राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा जैन श्री संघ, सिरकाली के संयुक्त तत्वावधान में रजत का 'राज्य परिषद् सम्मेलन' रविवार, 19 मार्च 2023 को इंद्र भवन, वैदीस्वरन कोविल, सिरकाली में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि मयिलाडतुरै के जिला कलेक्टर श्री महाभारती, आईएएस तथा विशेष अतिथि सिरकाली निर्वाचन क्षेत्र के विधायक श्री एम पनीर सेल्वम व रजत के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष श्री लिकमीचंद सिंघवी ने सभी का स्वागत किया। महासचिव श्री जयंतीलाल तेलिसरा ने रजत की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

राज्य परिषद् चेयरमेन श्री पदमचंद छाजेड़ ने राज्य परिषद् अधिवेशन के बारे में वर्णन किया। मुख्य अतिथि श्री महाभारती का अभिनंदन पूर्वाध्यक्ष श्री कांतिलाल जैन, श्री गौतमचंद बोहरा व श्री चंद्रप्रकाश मालपानी ने शाल, माला व

स्मृति चिह्न से किया। विशेष अतिथि श्री एम पनीर सेल्वम का बहुमान उपाध्यक्ष श्री प्रवीण टाटिया, कोषाध्यक्ष श्री गौतमचंद समदडिया व सह-कोषाध्यक्ष श्री ज्ञानचंद कोठारी ने शाल, माला व स्मृति चिह्न द्वारा किया। मुख्य अतिथि ने रजत के समाज सेवा व मानव सेवा कार्यों की सराहना की। विशेष अतिथि ने बताया कि सुनामी, बाढ़, कोविड आदि विपदा में राजस्थानी समाज सबसे ज्यादा सहयोग करते हैं। मुख्य अतिथि ने रजत की पाँच नई शाखाओं - राजस्थानी एसोसिएशन सिरकाली, चिदम्बरम्, कोल्लिदम, काट्टमन्नार कोईल तथा मइलाडुतुरै का उद्घाटन किया।

सह-संयोजक श्री गिरी बागड़ी के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थानी लोक नृत्य तथा सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी गई जिसका सभी दर्शकों ने खूब आनंद लिया। समन्वयक श्री ज्ञानचंद आंचलिया व उनके परिवार का विशेष सहयोग रहा। उनके परिवार का सम्मान किया गया।

दूसरे सत्र में 'व्यापार और उद्योग में प्रवृत्ति' पर चर्चा की गई। इस विषय पर श्री गौतमचंद बोहरा ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में चेन्नई से करीब 80 सदस्य शामिल हुए। सभी ने



रास्ते में पिच्चावरम गाँव में नौका विहार, चिदम्बरम नटराज कोईल, वैदीस्वरन कोईल, तिरूकोडियार, तिरूनल्लार आदि मंदिरों के दर्शन किए।



कार्यक्रम को सफल बनाने में सिरकाली निवासी सर्वश्री ज्ञानचंद आंचलिया, धनराज बांठिया, संजय खिंवसरा, विकास गादिया, पुखराज बांठिया, धनराज चौधरी, हरकचंद बोहरा, सुरेश चौधरी, प्रदीप गादिया, राजकुमार बरमेचा, सुरेश खिंवसरा, मनीष सिंघवी आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

यात्रा में सर्वश्री ज्ञानचंद कोठारी, विनोद जैन, दौलत बांठिया, अशोक खटंग आदि ने व्यवस्था संभाली। सह-संयोजक श्री गिरी बागड़ी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। महासचिव श्रीजयंतीलाल तेलिसरा ने कार्यक्रम का संचालन कुशलतापूर्वक किया। □



# रजत का 'होलिया में उड़े रे गुलाल'



राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल सोसायटी तथा आर वाई ए डायमंड के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रम 'होलिया में उड़े रे गुलाल' का आयोजन 5 मार्च 2023 को चेन्नई के म्यूजिक एकेडमी में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना से हुआ। अध्यक्ष श्री लिकमीचंद सिंघवी के स्वागत भाषण के पश्चात् श्री लिकमीचंद सिंघवी एवं वित्त समिति के चेयरमेन श्री शांतिलाल जैन द्वारा रजत के इस वर्ष के सभी सहयोगियों का स्मृति चिह्न से सम्मान किया गया।

जयपुर से पधारी नृत्य मंडली ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्थानीय कलाकार राकेश विनयकिया, रजनी गोयल, कुमुद केडिया, श्रेणिक नाहर, वैशाली सिरोहिया, अशोक कोठारी, अनामिका अग्रवाल, हेमंत डूंगरवाल, निर्मला कोठारी, आंचल तेलिसरा, मिली परमार, नमन शर्मा, काशवी ओसवाल ने होली के गीतों की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के सूत्रधार श्री गिरी बागड़ी तथा श्री डी.आर. डागा का सहयोग सराहनीय रहा। महासचिव श्री जयंतीलाल तेलिसरा ने सुंदर संचालन और धन्यवाद ज्ञापित किया। दर्शकों ने कार्यक्रम का खूब आनंद लिया। □

# रजत द्वारा विद्यालय में जल सुविधा



श्री जैन शिक्षण संघ द्वारा संचालित जी.के.जैन विद्यालय, रायपुरम में 25 मार्च 2023 को राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा श्री सुभाषचंदजी नरेश रांका परिवार के सहयोग से आर.ओ, वाटर प्लांट लगाया गया। वाटर बूथ चेयरमैन श्री विनोद जैन ने बताया कि इससे सभी विद्यार्थियों को साफ-सुथरा मिनरल पानी मिलेगा।

महासचिव श्री जयंतीलाल तेलिसरा ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। पत्राचारक श्री महावीर कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। सेक्रेट्री श्री ज्ञानचंद कोठारी ने कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक संचालन किया। ☐

---

**कोई भी काम मिलकर करने से संभव हो जाता है। संगठन की शक्ति को दर्शाता यह सुंदर गीत सुनिए...**



# रजत की छठी कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित सदस्य

## नए आजीवन सदस्य

**श्री अनूप झंवर**, 25, गजपति स्ट्रीट, ग्राउन्ड फ्लोर, शॅनाय नगर, चेन्नई-600030. मो: 9841026000

**श्री विजय झंवर**, 25, गजपति स्ट्रीट, ग्राउन्ड फ्लोर, शॅनाय नगर, चेन्नई-600030. मो: 9382223187

**श्री दिनेश कुमार कांकरिया**, वी.के. पॉन ब्रोकर, 147/72, गेंगू रेड्डी रोड़, एग्मोर, चेन्नई-600008. मो: 9600709074

**श्री शिवकुमार सदानी**, आर-43, दूसरा माला, 15वीं स्ट्रीट, अन्नानगर, चेन्नई-600040. मो: 9884716450

**श्री राजीव अग्रवाल**, फ्लैट नं. 5-डी, दूसरा ब्लॉक, अरिहंत वैकुण्ठ अपार्टमेंट, 123-125, ब्रिकलिन रोड, पुरुषवाक्कम, चेन्नई-600007. मो: 9884820595

**श्री गौरव जी. जेठा**, पी-45(एन), पी-21(ओ), वैकुण्ठ, ग्राउन्ड फ्लोर, तीसरा मेन रोड, के-4 पुलिस स्टेशन के पीछे, अन्नानगर, चेन्नई-600040. मो: 9841026000



# गणगौर की नई टीम




राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की महिला इकाई 'गणगौर' की नई टीम का स्थापना समारोह संपन्न हुआ।

पूर्व अध्यक्षिणी श्रीमती कंचन बंसल ने नई अध्यक्षिणी श्रीमती कांता बिसानी का तिलक कर एवं अध्यक्ष पदक पहनाकर स्वागत किया। नई अध्यक्षिणी श्रीमती कांता बिसानी ने सह-अध्यक्षिणी रेखा सिंघवी और संपूर्ण मंडली का तिलक किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मीनाक्षी विजय कुमार, संयुक्त निदेशक, तमिलनाडु फायर एंड रेस्क्यू सर्विस के राज्य प्रशिक्षण केन्द्र ने उनकी संपूर्ण मंडली को शपथ ग्रहण कराकर सबको बधाई दी। मीनाक्षीजी ने महिलाओं की शक्ति एवं उनकी विश्वसनीयता का उल्लेख करते हुए कई बातें बताई।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती निर्जा मालिक कैंसर परामर्शदाता ने कार्यक्रम की थीम अन्वेषणम जिसका अर्थ है अपने आप को ढूँढना, विषय पर विशेष बातें बताईं। राजस्थानी एसोसिएशन

तमिलनाडु के अध्यक्ष श्री मोहन बजाज एवं महासचिव श्री देवराज आच्छा ने नई टीम को ढेर सारी शुभकामनाएँ दीं।

रंगारंग कार्यक्रम नृत्य के साथ भगवान श्री कृष्ण के वृंदावन की रासलीला का और फूलों की होली का अद्‌भुत नृत्य के साथ संपन्न हुआ।

2023-24 कार्यकारिणी में तत्काल पूर्व अध्यक्ष कंचन बंसल, कंचन बिसानी, मधु तुलसियान, ममता अग्रवाल, नमिता जायसवाल, निहारिका राठी, प्रीति गुप्ता, संगीता बिसानी, सपना गुप्ता, शिखा काशलीवाल और सीमा सिंघवी है। सलाहकार समिति में उर्मिला सराफ और संगीता चांदवड है। विशेष आमंत्रित में प्रियंका भूरत और शालिनी अग्रवाल शामिल हैं।

समारोह की मंच संचालिका रिति पीटी और ज्योति गुप्ता रहीं। सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफल बना। □



# अंग्रेजी में प्रथम ‘अष्टपाहुड’ का विमोचन




श्री शंकरलाल सुंदरबाई शासुन जैन महिला महाविद्यालय में अहिंसा विश्व भारती के अंतर्गत, विश्व शान्ति केन्द्र के चेयरमेन श्री अभय श्रीश्रीमाल ने आचार्य कुंदकुंद की प्राकृत कृति ‘अष्टपाहुड’ के अंग्रेजी अनुवाद का विमोचन किया।

कर्नल डॉ. डी.एस. बया द्वारा अनूदित 408 पृष्ठीय पुस्तक का संपादन महाविद्यालय के जैन विद्या विभाग के शोध-प्रमुख डॉ. दिलीप धींग ने किया है। पुस्तक में प्राकृत भाषा की मूल गाथाएँ देवनागरी लिपी में भी दी गई है। महाविद्यालय के जैन विद्या विभाग के निदेशक डॉ. ज्ञान जैन ने बताया कि पुस्तक में दर्शन, चारित्र, सूत्र, बोध, भाव, लिंग, शील और मोक्ष इन आठ विषयों पर 503 गाथाएँ हैं।

प्रकाशक फाउंडेशन के चेयरमेन श्री अभय श्रीश्रीमाल ने अष्टपाहुड को ज्ञान के आठ रंगबिरंगे फूलों का गुलदस्ता बताया। □

# उषा श्रीश्रीमाल को फिक्की-फ्लो का विशिष्ट उपलब्धि सम्मान



8 मार्च 2023 को महिला दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में श्री शंकरलाल सुंदरबाई शासुन जैन महिला महाविद्यालय की सचिव श्रीमती उषा अभय श्रीश्रीमाल जैन को 'फिक्की-फ्लो विशिष्ट उपलब्धि' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

भारतीय वाणिज्य और उद्योग चेम्बर परिसंघ (फिक्की) की महिला इकाई 'फ्लो' की ओर से यह सम्मान तमिलनाडु के वित्त मंत्री श्री पलनीवेल त्यागराजन ने प्रदान किया।

श्री त्यागराजन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण उनकी राजनीतिक विचारधारा का अभिन्न हिस्सा है। उनका अनुभव है कि महिला नेतृत्व और मार्गदर्शन अनमोल होता है।

फिक्की-फ्लो की चेयरपर्सन श्रीमती प्रसन्ना वासनाडु ने कहा कि उषाजी जैसी महिलाएँ नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा की स्रोत हैं। शासुन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. एस. पद्मावती ने कहा कि श्रीमती उषाजी के सम्मान से महाविद्यालय एवं समाज का गौरव बढ़ा है। श्रीमती उषाजी को यह सम्मान शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। □



# बैसाखी और जलियांवाला कांड

रमेश गुप्त नीरद

रंग और उमंग का माहौल धरती पर, नवजीवन का संचार, नयी समृद्धि, नयी आशाओं का ज्वार, खुशी की, उत्साह की हिलोर जब अंग-अंग में थिरकने लगती है, तब मेले-ठेले के रंग-ढंग, टप्पा-माहिया की सुरीली तानें और ढमाढम बजते ढोल बता देते हैं कि बैसाखी आ गयी।

बैसाखी का दिन पंजाबियों के लिए खास महत्व रखता है। ग्रीष्म ऋतु की दस्तक के साथ पंजाब के हरे-भरे खेतों में यौवन अठखेलियाँ करने लगता है। पके दानों से भरी गेहूँ की बालियाँ जब पवन झकोरों से झूमने लगती है तो पंजाब का किसान अपनी मेहनत से मिले इन मोतियों को देखकर नाच उठता है।

बैसाखी केवल किसान की खुशियों का त्यौहार नहीं, 13 अप्रैल के इस दिन के साथ कई पवित्र यादें जुड़ी हुई हैं। 600 ईसा पूर्व बैसाखी के दिन ही महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। 1665 में नवें गुरु तेग बहादुर और 1676 में दशम गुरु

गोविंद सिंह इसी दिन गुरु गद्दी पर विराजमान हुए थे। 1699 में इसी दिन दशम गुरु ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। 1875 में स्वामी दयानंद सरस्वती ने इसी दिन बंबई में आर्य समाज की नींव डाली।

बैसाखी के इसी पावन पर्व के साथ एक ऐसी दर्दनाक घटना आ जुड़ी जिसने इस पर्व के अर्थ ही बदल डाले। यह घटना थी जलियांवाला बाग का खूनी कांड।

13 अप्रैल 1919 को बैसाखी के दिन अमृतसर के जलियांवाला बाग में अंग्रेजी हुकूमत ने निहत्थे देशभक्तों पर जुल्म का जो कहर ढाया, उसने 1857 के बाद हमारे स्वतंत्रता संग्राम को निर्णायक मोड़ दिया।

जलियांवाला बाग का नरसंहार आजादी की लड़ाई की यादों में एक ऐसी दर्दनाक दास्तान छोड़ गया है, जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। इस दास्तान को सुनकर आँखें सजल हो उठती हैं उन शहीदों के लिए जो देश के लिए जिये, देश के लिए मर गए। □



# अप्रैल फूल : कैसे-कैसे



बेवकूफ बनने और बनाने की परम्परा कब शुरू हुई, यह किसी को ठीक से पता नहीं, लेकिन सारे विश्व में पहली अप्रैल को 'मूर्ख दिवस' आयोजित किया जाता है।

यूरोप में नया वर्ष उत्सव 31 मार्च तक मनाया जाता था, जो 24 मार्च से ही शुरू हो जाता था। 942 में नया कैलेण्डर शुरू हुआ तो नव वर्ष की शुरुआत पहली अप्रैल के स्थान पर जनवरी से कर दी गई थी। जिन व्यक्तियों ने कैलेण्डर में ऐसे संशोधन के सुझाव दिए थे, वे बेवकूफ माने गए। तब से 'फर्स्ट अप्रैल फूल' का चलन शुरू हो गया। मूर्ख दिवस आयोजन विविध देशों में रोचक और मनोरंजक होता है -

**युगाण्डा** में मूर्ख दिवस आयोजन पर महिलाओं की विशेष भूमिका रहती है। पुरुष वर्ग इस दिन प्रायः निष्क्रिय ही रहता है। जगह-जगह पर विभिन्न (न मनाए जाने वाले) आयोजनों के निमंत्रण पत्रों को यहाँ की महिलाएँ अपनी ही देख-रेख में काफी अच्छे ढंग से प्रकाशित करवाकर सभी परिचितों को भेजती हैं। इन निमंत्रण पत्रों के कलेवर और भाषा में मूर्खता कूट-कूट कर भरी होती है।

**फ्रांस** में 'पॉइजर ऑफ दि अप्रैल' नाम से मूर्ख दिवस मनाने

का सिलसिला पुराना है। यहाँ मूर्ख समारोह में धर्मगुरु भी हिस्सा लेते हैं। व्यंग्य-विनोद से परिपूर्ण होकर यह समारोह समाप्त होता है। एक वर्ष के लिए किसी व्यक्ति को 'मूर्ख श्री' चुना जाता है। इस समारोह का विशेष आकर्षण होता है - 'गदर्भ सम्मेलन', जिसमें युवक युवतियों के और युवतियाँ युवकों के वस्त्र पहनती हैं।

**इंग्लैण्ड** में मूर्ख दिवस 'ऑल फूल्स डे' नाम से मनाया जाता है। यहाँ खुले चौराहों पर अश्लील गीत और नृत्य चला करते थे। परन्तु बाद में महारानी एलिजाबेथ प्रथम के आदेश पर इस कुप्रथा पर रोक लगा दी गई।

**इटली** में 'कार्निवल' समारोह मनाया जाता है। इस समारोह में व्यंग्य-विनोद की प्रचुरता के साथ अटपटे नृत्यों नाटिकाओं की प्रस्तुति की जाती है।

**जर्मनी** में इस दिन की शुरुआत खूब मौज-मस्ती से की जाती है क्योंकि यहाँ के लोग यह मानते हैं कि एक वर्ष में यह दिन एक बार ही आता है।

**चीन** के लोग भी पहली अप्रैल को 'विनोद दिवस' के रूप में मनाते हैं। तरह-तरह के रंग-बिरंगे मुखौटों के द्वारा यह अपने हाव-भावों को प्रदर्शित करते हैं। यहाँ के लोग इस दिन खुलकर बुद्धि-परीक्षण में एक दूसरे को दावत देते और शालीनता से ये दिन मनाते हैं।

अन्य देशों में भी इसी प्रकार मूर्ख दिवस आयोजित होते हैं जिनका वहाँ की संस्कृति और साहित्य में काफी महत्वपूर्ण स्थान है। वास्तव में मूर्ख दिवस हंसी-मजाक से परिपूर्ण होता है, लेकिन शालीनता इसका आधार होना चाहिए।

विश्व में कुछ चुनिंदा अखबार ऐसे भी हैं जो इस दिन रहस्य, रोमांच या रोमांटिक खबरें छापकर पाठकों को 'अप्रैल फूल' बनाते हैं। □

# महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो द्वारा नि:शुल्क जाँच शिविर




### 24 फरवरी 2023

**काट्टनकुलथुर** - 75 लोगों की आँखों की जाँच, 58 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

**वेलाचेरी** - 105 लोगों की आँखों की जाँच, 67 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

### 25 फरवरी 2023

**पट्टालम** - महावीर आई व हेल्थ केयर सेंटर, पट्टालम में 331 लोगों की आँख, रक्तचाप एवं मधुमेह की जाँच की गई। साथ ही 'मास्टर हेल्थ चेकअप' के अंतर्गत 24 लोगों की किडनी, थाइरॉइड, हार्ट, ई.सी.जी., बी.पी., शुगर, हेमोग्राम, लीवर आदि 90 तरह की जाँच भी की गई।

### 26 फरवरी 2023

**टी.नगर** - 114 लोगों की आँखों की जाँच, 50 लोगों की

रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

**तिरूवान्मियूर** - 151 लोगों की आँखों की जाँच, 91 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

## 3 मार्च 2023

**पोरूर** - 110 लोगों की आँखों की जाँच, 65 लोगों के रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

**नंगनल्लूर** - 61 लोगों की आँखों की जाँच की गई।

## 5 मार्च 2023

**अम्बतूर** - 178 लोगों की आँखों की जाँच, 111 लोगों के रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

**पुरुषवाक्कम** - 68 लोगों की आँखों की जाँच, 41 लोगों के रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

## 9 मार्च 2023

**टोंडियारपेट** - 99 लोगों की आँखों की जाँच, 61 लोगों के रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

## 11 मार्च 2023

**पट्टालम** - महावीर आई व हेल्थ केयर सेंटर, पट्टालम में 207 लोगों की आँखों की जाँच, 211 लोगों की रक्तचाप एवं मधुमेह की जाँच की गई। साथ ही 'मास्टर हेल्थ चेकअप' के अंतर्गत 8 लोगों की किडनी, थाइरॉइड, हार्ट, ई.सी.जी., बी.पी., शुगर, हेमोग्राम, लीवर आदि 90 तरह की जाँच भी की गई।

## 12 मार्च 2023

**धोबीपेट** - जी.के. जैन स्कूल 1994 बैच के सहयोग से 76 लोगों की आँखों की जाँच की गई।

**पाड़ी** - 50 लोगों की आँखों की जाँच, 28 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

**ताम्बरम** - 74 लोगों की आँखों की जाँच, 40 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच भी की गई।

## 19 मार्च 2023

**पल्लावरम** - 324 लोगों की आँखों की जाँच, 86 लोगों के रक्तचाप और मधुमेह की जाँच की गई।

पट्टाभिराम - 87 लोगों की आँखों की जाँच, 64 लोगों की रक्तचाप और मधुमेह की जाँच की गई।

## 21 मार्च 2023

**सैदापेट** - 60 लोगों की आँखों की जाँच, 15 लोगों के रक्तचाप और मधुमेह की जाँच की गई।

**क्रोमपेट** - 111 लोगों की आँखों की जाँच, 74 लोगों के रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

## 22 मार्च 2023

**चेंगलपेट** - महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 113 लोगों की आँखों की जाँच, 55 लोगों के रक्तचाप और मधुमेह की जाँच की गई। ☐

# संस्थाओं से निवेदन

### अंग्रेजी भाषा में समाचार ना भेजें

दक्षिण राजस्थानी पोस्ट प्रबंधन के पास अंग्रेजी भाषा से हिंदी भाषा में अनुवाद की व्यवस्था फिलहाल उपलब्ध नहीं है। अतः संस्थागत समाचार केवल हिंदी भाषा में ही प्रेषित करावें।

साथ ही अपने समाचार प्रत्येक माह की 25 तारीख तक अवश्य भेज दें ताकि उन्हें प्रकाशित किया जा सके।

**- संपादक**

# माहेश्वरी सभा का 'होली मिलन'



श्री माहेश्वरी सभा, चेन्नई द्वारा 5 मार्च 2023 को डी.जी. वैष्णव कॉलेज परिसर में होली मिलन समारोह का रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हुआ। रंगोली व फेन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, सतरंगी 2023 सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनोरंजक खेल इत्यादि कई रोचक कार्यक्रमों को समाहित किया गया था।

श्री माहेश्वरी सत्संग समिति के 'चंग का धमाल' व 'फूलों की होली' से संपूर्ण जनमेदिनी में आनंदमय वातावरण बन गया। श्री माहेश्वरी स्पोर्टस् क्लब द्वारा पिछले पूरे वर्ष में स्पोर्टस् अचीवरों का मालपानी बिसानी एंडोमेंट के तहत चाँदी के पदक व स्मृति चिह्न द्वारा सम्मानित किया गया।

रंगोली एवं फेन्सी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। संपूर्ण परिसर खचाखच भरा हुआ था। □



# ब्यावर एसोसिएशन द्वारा 'होली हुड़दंग'



ब्यावर एसोसिएशन मद्रास का ब्रह्मऋषि आश्रम रामापुरम में 'होली हुड़दंग' कार्यक्रम अनूठे अंदाज में 25-26 फरवरी 2023 को संपन्न हुआ। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम में लगभग 300 सदस्यों ने हिस्सा लिया।

पहले दिन प्रसिद्ध संगीतकार राकेश कानकपुरिया की रात्रि भक्ति प्रस्तुति में सभी श्रोता श्रद्धा-भक्ति से झूम उठे। दूसरे दिन सवेरे आश्रम के प्रांगण में गुलाल से होली खेलकर सभी बच्चों एवं सदस्यों ने भरपूर आनंद उठाया। □



# मदुरै में कार्यशाला एवं प्रतियोगिता




■ अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में मदुरै महिला मंडल द्वारा 'हिंसा v/s अहिंसा' कार्यशाला का आयोजन 16 फरवरी 2023 को स्थानीय तेरापंथ भवन में किया गया।

मुख्य वक्ता मंत्री दीपिका फूलफगर ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि अहिंसा से ही शान्ति और मुक्ति संभव है। उन्होंने हिंसा के तीन प्रकार बताए। आरम्भजा हिंसा, संकल्पजा हिंसा एवं विरोधजा हिंसा। अनेक उदाहरण व कहानी आदि के द्वारा दीपिताजी ने इनके बारे में विस्तार से समझाया। अर्थ हिंसा व अनर्थ हिंसा की व्याख्या करते हुए बताया कि हमें विवेकपूर्वक हिंसा जनित सौंदर्य सामग्री, लेदर पर्स, सिल्क की साड़ी आदि के प्रयोग से बचना चाहिए।

■ 2 मार्च 2023 को मदुरै तेरापंथ भवन में तेरापंथ महिला मंडल द्वारा '25 बोल' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 3 राउंड्स में रोचक तरीके से किए गए इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ममता संकलेचा एवं संगीता सुराणा को प्राप्त हुआ। □

# मदुरै में भव्य शोभा यात्रा




चैत्र नवरात्रि महोत्सव दर्मियान, 26 मार्च 2023 को श्री आशापुरी जैन सेवा मंडल के कोषाध्यक्ष श्री मांगीलाल बंधामुथा के निवास पर महा-आरती के पश्चात् वहाँ से बाजते गाजते श्री आशापुरी माताजी एवं सोनाणा खेतलाजी के रात्रि जागरण हेतु भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई श्री लीला देवी भवन पहुँचकर तस्वीर स्थापना की गई। शोभा यात्रा में डिंडीगुल की प्रसिद्ध लाइटिंग की गाड़ियों पर मदुरै मीनाक्षी देवी, श्री आशापुरी माताजी एवं श्री अम्बे माताजी की भव्य झाँकी सब का मनमोह रही थी। शोभा यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु नजर आए। स्थानीय प्रशासन व्यवस्था का पूर्ण सहयोग रहा। ☐



## सिंघवी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा

# नि:शुल्क नेत्र-दंत जाँच शिविर

सिंघवी चेरिटेबल ट्रस्ट एवं रेपको बैंक द्वारा विभिन्न स्थलों पर नेत्र-दंत जाँच शिविर लगाया गया -

**26 फरवरी 2023**

**कनियमबाड़ी ग्राम, वेलूर** - गणपति तुलसी जैन इंजीनियरिंग कॉलेज में 189 लोगों की नेत्र जाँच तथा 93 लोगों के दाँतों की जाँच की गई।

**5 मार्च 2023**

**कडम्बतूर, तिरुवल्लुर** - सरकारी हाई स्कूल में 293 लोगों की नेत्र जाँच तथा 75 लोगों के दाँतों की जाँच की गई।

**12 मार्च 2023**

**सत्यवाणीमुक नगर, तिरुवल्लुर** - एस.एस.एस. प्राइमरी स्कूल में 267 लोगों की नेत्र जाँच तथा 97 लोगों के दाँतों की जाँच की गई।

**19 मार्च 2023**

**सेंद्रायनपालयम, तिरुवल्लुर** - सरकारी हायर सेकंड्री स्कूल में 191 लोगों की नेत्र जाँच तथा 98 लोगों के दाँतों की जाँच की गई।

---

# महिला स्वास्थ्य जाँच शिविर

श्री जैन मेडिकल रिलीफ सोसायटी द्वारा संचालित देवराज माणकचंद मेटर्निटी अस्पताल, साहुकारपेट में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 'महिला स्वास्थ्य जाँच शिविर' का आयोजन 12 मार्च 2023 को किया गया। इस आयोजन में करीब 150 महिलाओं की संपूर्ण स्वास्थ्य जाँच की गई। □




# पत्रिका प्रकाशन के सहयोगार्थ
# विज्ञापन आमंत्रित हैं

**दक्षिण राजस्थानी पोस्ट का हर अंक लगभग 5000 पाठकों को प्रति माह भेजा जा रहा है। अपनी संस्था, व्यवसाय के विज्ञापन देकर लाभ उठाएँ व सहयोग दें।**

---

## पूरे पृष्ठ का विज्ञापन शुल्क
## ₹5000 प्रति अंक

---

संपर्क करें :

**चंद्रप्रकाश मालपानी**
चेयरमेन DRP
98408 38035

**देवराज आच्छा**
महामंत्री - रजत
94442 65162